# निदेशक कार्यालय

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029.**

फा.सं.40-30/2022-स्था.-I(नि.का.) दिनांक: 16 अक्टूबर, 2022

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: रविवार, दिनांक 16 अक्टूबर, 2022 को जय प्रकाश नारायण <u>एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र के दौरे के दौरान पाई गई कमियां</u>।**

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं अध्यक्ष एम्स के कार्यालय के अधिकारियों के साथ अधोहस्ताक्षरी द्वारा आज जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र का दौरा किया गया। उक्त दौरे के दौरान, निम्नलिखित अवलोकन किए गए:-

1. अग्नि निकास तालाबंद पाए गए एवं आपातकालीन निकास चाबी-बॉक्स भी नहीं रखे गए थे।अग्नि निकास स्थलों को कबाड़ /कूड़ेदान/अलमारी आदि से भरा हुआ है। कुछ कर्मचारियों को अग्नि बुझाने का अभ्यास (फॉयर ड्रिल) की जानकारी नहीं है।
2. रोगी स्ट्रेचर, ट्रॉली एवं व्हील चेयर का रखरखाव ठीक से नहीं किया गया था। कुछ व्हील चेयर में फुट पैडल नहीं थे जिससे रोगी को चोट लग सकती है।
3. रोगी के परिचरों के लिए रखे गए बेंचों में जंग लगा पाया गया।
4. कॉरिडोर एवं अन्य स्थानों और अधिकांश कॉरिडोर, वार्ड, आईसीयू, ओपीडी आदि में स्क्रैप सामग्री रखी पायी गई।
5. न्यूमेटिक ट्यूब सिस्टम काम नहीं कर रहा था।
6. कुछ कर्मचारियों को कोड ब्लू के बारे में जानकारी नहीं थी।
7. अस्पताल में कई अज्ञात एवं अनधिकृत लोग घूम रहे थे।
8. कुछ कर्मचारियों ने निर्धारित वर्दी नहीं पहनी हुई थी।
9. कुछ कर्मचारी बिना पहचान पत्र पहनें/प्रदर्शित किए बगैर पाए गए।
10. कुछ सुरक्षा कर्मचारियों के नामहाजिरी रजिस्टर पर मौजूद थे लेकिन वे ड्यूटी स्थलों पर व्यक्तिगत रूप से मौजूद नहीं थे।
11. अन्य कई मामले।

जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र के नियंत्रण कक्ष के एमएचए डॉक्टर भी दौरे पर साथ गए, इसकी तस्वीरें एवं वीडियो शॉट भी उनके पास उपलब्ध हैं। अपर चिकित्सा अधीक्षक, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र से अपेक्षित है कि वह 48 घंटों के भीतर, उपर्युक्त विस्तृत मुद्दों के रखरखाव एवं उसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों (व्यक्ति का नाम एवं पदनाम) का विवरण प्रस्तुत करेंताकि, प्रशासन द्वारा विशेष रूप से आवश्यक कार्रवाई आरंभ की जा सके।

श्रीनिवास

**(डॉ. एम. श्रीनिवास)**
निदेशक

**<u>वितरण:</u>**

1. प्रमुख, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र
2. अपर-चिकित्सा अधीक्षक, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र
3. मुख्य सुरक्षा अधिकारी
4. अधीक्षण अभियंता
5. प्रभारी-आचार्य, कंप्यूटर सुविधा – इसे एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।